कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर (म.प्र.)

:: आदेश ::

क्रमांक 59 /लेखा/22 मण्डलेश्वर दिनांक 03/02/22

कार्यालय आदेश क्रमांक 11/लेखा दिनांक 08.01.2022 के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों वाहन चालक, भृत्य/जलवाहक/चौकीदार, माली एवं स्वीपर कलेक्टर रेट प्रवर्ग की सीधी भर्ती/नियुक्ति के अंतर्गत प्रधान जिला न्यायालय मण्डलेश्वर में दिनांक 15.01.2022 को होने वाली साक्षात्कार प्रक्रिया को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित किया गया था।

उक्त दिनांक को स्थगित किये गये साक्षात्कार के स्थान पर साक्षात्कार हेतु दिनांक 27/02/2022 नियत की जाती है।

अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर शीघ्र ही प्रकाशित किये जायेगें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पश्चिम निमाड़,मण्डलेश्वर

पृ.क्रमांक 109 /लेखा/22 मण्डलेश्वर दिनांक 03 /02/22

प्रतिलिपि :—

01. माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, उच्च न्यायालय, म.प्र.खण्डपीठ इंदौर की ओर माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने के निवेदन सहित प्रेषित।
02. माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, उच्च न्यायालय, म.प्र.जबलपुर
03. प्रिसिंपल रजिस्ट्रार (परीक्षा) उच्च न्यायालय, म.प्र. जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संबंधित सर्विस प्रोवाईडर को निर्देशित करने का कष्ट करें कि दिनांक 15.01.2022 को स्थगित साक्षात्कार के स्थान पर दिनांक 27.02.2022 को साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थीगण को एस.एम.एस./ई मेल के माध्यम से प्रेषित करें एवं उक्त दिनांक से संबंधित अभ्यर्थीगण के प्रवेश पत्र वेबसाईट पर जारी करें।
04. प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, मण्डलेश्वर की ओर प्रधान जिला न्यायालय, मण्डलेश्वर के सूचना पटल पर चस्पा कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने बाबत् प्रेषित।
05. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, प्रधान जिला न्यायालय, मण्डलेश्वर की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।
06. जन संपर्क अधिकारी, खरगोन की ओर इस निर्देश के साथ आदेश की प्रति प्रेषित है कि साक्षात्कार दिनांक 27.02.2022 को आयोजित होने की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाना सुनिश्चित करें।
07. श्री चन्द्रमोहन, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी.सी.एस.की ओर उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पश्चिम निमाड़,मण्डलेश्वर